FACT SHEET

क्लैमाइडिया: एसटीआई फ़ैक्ट शीट

क्लैमाइडिया क्या है?

क्लैमाइडिया एक योन संचारित संक्रमण है जो की संक्रमित व्यक्ति के साथ योनि, गुदा और ओरल सेक्स करने से पारित हो सकता है। यह गले, गूदे, मूत्रमार्ग, गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) और आँखों को संक्रमित कर सकता है।

क्लैमाइडिया एक बहुत ही आम यौन संचारित संक्रमण (एसटीआई) है। इसके अक्सर कोई लक्षण नहीं होते, जिसके कारण संक्रमित व्यक्ति को अपने संक्रमण का पता एसटीआई टेस्ट के ज़रिए ही पता चल पता है। बिना लक्षणों के भी यह फैल सकता है।

उचित उपचार के बिना, क्लैमाइडिया गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है। इसमे निम्नलिखित शामिल है:

- पेट दर्द (श्रोणि सूजन की बीमारी)
- अंडकोष (गेंद) में दर्दनाक सूजन
- गर्भाशय के बजाए फैलोपियन ट्यूब में गर्भावस्था (अस्थानिक गर्भावस्था)
- गर्भवती होने में कठिनाई (बांझपन)।

क्लैमाइडिया का संक्रमण कैसे हो सकता है?

क्लैमाइडिया संक्रमित व्यक्ति के साथ योनि, गुदा या ओरल सेक्स से पारित होता है। क्लैमाइडिया से बचाव के लिए कंडोम और/या डैम जैसी सुरक्षा का उपयोग करना एक प्रभावी तरीका है।

क्लैमाइडिया से बचाव कैसे किया जा सकता है?

- योनि, गुदा या ओरल सेक्स के दौरान कंडोम का प्रयोग कर। कंडोम क्लैमाइडिया को फैलने से रोकेगा। ये सुनिश्चित कर कि आप एक से अधिक साथियों के बीच और सेक्स टॉयज साझा करते समय कंडोम बदलते हैं।
- ओरल सेक्स के दौरान डैम का इस्तेमाल कर। डैम त्वचा से त्वचा के संपर्क को रोकेगा जिससे क्लैमाइडिया को पारित होने से रोका जा सकता है।
- यदि आपको क्लैमाइडिया हैं, तो आप ईलाज शुरू करने के बाद सात दिन तक किसी से संबंध न बनाए।
- हर 3-12 महीनों में एसटीआई और एचआईवी के लिए परीक्षण कर। यह महत्वपूर्ण है और एक स्वस्थ आत्मविश्वासी यौन जीवन का हिस्सा है।

क्लैमाइडिया का परीक्षण कैसे किया जा सकता है?

क्लैमाइडिया का परीक्षण युरिन सैम्पल या खुद किए गए स्वाब से किया जा सकता है। कदाचित थ्रोट स्वैब या सेल्फ कलेक्टेड एनल स्वैब भी लेने की जरूरत पड़ सकती है। यह महत्वपूर्ण है की आप एसटीआई परीक्षण कराने से 60 मिनट पहले तक शौचालय न जाए।

आप अपने स्थानीय चिकित्सक, यौन स्वास्थ्य क्लिनिक और कुछ विश्वविद्यालय स्वास्थ्य क्लीनिकों में क्लैमाइडिया का परीक्षण करवा सकते हैं। अपने लिए निकटतम सेवा खोजने के लिए 1800 451 624 (मुफ्त कॉल) पर Sexual Health Infolink को कॉल कर सकते हैं।

क्लैमाइडिया और अन्य एसटीआई के लिए परीक्षण पीड़ा पूर्ण नहीं है। एसटीआई परीक्षण आसान एवं गोपनीय हैं और इसमें शर्म की कोई बात नहीं है।

यदि आपका क्लैमाइडिया टेस्ट पाज़िटिव आता है तो आपको अपने साथियों को बताना अनिवार्य है ताकि वे भी परीक्षण और उपचार करवा सकें। यदि आपको अपने साथियों से संपर्क करने में सहायता की आवश्यकता है तो अपने डॉक्टर से पूछें, Let Them Know पर जाएं या 1800 451 624 (मुफ्त कॉल) पर Sexual Health Infolink को कॉल कर।

FACT SHEET

क्लैमाइडिया: एसटीआई फ़ैक्ट शीट

क्लैमाइडिया का ईलाज क्या है ?

क्लैमाइडिया का ईलाज एंटीबायोटिक दवाओं (मौखिक गोलियां) के एक कोर्स के साथ आसानी से किया जा सकता है। इन दवाओं के लिए आप अपने डॉक्टर या नर्स से संपर्क कर।

यदि आपको क्लैमाइडिया है, तो उपचार शुरू करने के सात दिन बाद तक किसी के साथ यौन संबंध न बनाएं। संबंध बनाने से पहले यह सुनिश्चित कर की आपके सभी लक्षण चले गए हैं और आपके साथियों का परीक्षण नेगटिव है या उनका भी इलाज किया जा रहा हो। उपचार के बाद 3 महीने में एक और परीक्षण करना महत्वपूर्ण है क्यूंकि इससे यह सुनिश्चित किया जा सकता है की आपको फिर से संक्रमण नहीं हुआ है।

क्लैमाइडिया और अन्य एसटीआई के बार में अधिक जानकारी कहां मिल सकती है?

क्लैमाइडिया, अन्य एसटीआई और अपनी सेक्शुअल हेल्थ के बार में जानकारी और समर्थन के लिए, आप Sexual Health Infolink 1800 451 624 (मुफ्त कॉल), specialist यौन स्वास्थ्य नर्स से बात कर सकते हैं। यह मुफ़्त, गोपनीय और गैर-न्यायिक है। आप International Student Health Hub भी जा सकते हैं।

यदि आपको स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं या जानकारी प्राप्त करने के लिए दूभाषिये की आवश्यकता है तो आप Translating and Interpreting Service को 131 450 पर संपर्क कर।

Scan the QR code to find out more about chlamydia and STIs